31/10/22

कार्यालय, आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक 1354/276/आउशि/शाखा–5/2022, भोपाल, दिनांक 27/10/2022

प्रति,

1. कुलसचिव,
   समस्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश
2. प्राचार्य,
   समस्त, शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी अशासकीय महाविद्यालय,
   मध्यप्रदेश.

विषयः–मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर दिनांक 1 नवम्बर, 2022 को शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के सम्बंध में।

–0–

01 नवम्बर, 2022 को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में कृपया शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक कार्य प्रारंभ किये जाने के पूर्व निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित किये जाना सुनिश्चित करें:–

1. मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में सभागृह में सभी विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्य प्रारंभ होने के पूर्व उपस्थित होने की सूचना दी जाए।
2. कार्यक्रम के प्रारंभ में मध्यप्रदेश की विशेषताओं के संदर्भ में विद्यार्थियों द्वारा विचार व्यक्त कराया जाए तथा "आत्म निर्भर मध्यप्रदेश" के सम्बंध में किये गये उल्लेखनीय कार्यो की जानकारी प्रभारी अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों की दी जाए।
3. कार्यक्रम के अंत में 'मध्यप्रदेश गान' किया जावे।

2/ कृपया उक्तानुसार कार्यक्रम की रूप–रेखा तैयार कर समस्त विद्यार्थी तथा शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ को निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें, तत्पश्चात शैक्षणिक/अशैक्षणिक कार्य संपादित कराया जाए।

" अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित"

27/10/22

(डॉ. धीरेन्द्र शुक्ल)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

पृ. क्रमांक 1355 / 276/आउशि/शा–5'अ'/2021, भोपाल, दिनांक 27 अक्टूबर, 2022

प्रतिलिपि :–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
2. स्टाफ आफीसर, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. सचिव, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल।
4. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश।

DSW
पुत्र.
28.10.22

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

28/10/22